**खबर संक्षेप**

### एस.टी.-01 के क्षेत्रों में आज विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33/11 के.व्ही., एल.टी.लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रखरखाव कार्य के लिये 29 जून 2024 शनिवार को बसंत कॉलोनी फीडर एवं एस.टी.-01 के क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 29 जून 2024 शनिवार को बसंत कॉलोनी फीडर एवं एस.टी.-01 के शेष क्षेत्र के अंतर्गत बसंत कॉलोनी, बबन पटेल कॉलोनी, अंतरवेल, लाला स्कूल, चमन एजेंसी, जनपद, कृषक कोल्ड स्टोरेज, शिवनंदन काम्पलेक्स, श्याम टाकीज एवं एस.टी.-01 के शेष क्षेत्र के अंतर्गत गांधी गंज, नवभारत, उमा ऑईल मिल, शनिचरा पानी टंकी, नई आबादी आदि से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

### जिले में अभी तक 146.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 146.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 199.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 28 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 16.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 28 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 13, मोहखेड़ में 1.1, तामिया में 37, चौरई में 9.1, हर्रई में 6.2, बिछुआ में 70.6, परासिया में 4.5, जुन्नारदेव में 16.8 और चांद में 20.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 139.7, मोहखेड़ में 45.6, तामिया में 205, अमरवाड़ा में 206.8, चौरई में 105.6, हर्रई में 78.4, बिछुआ में 216.6, परासिया में 116.2, जुन्नारदेव में 139.8, चांद में 216.8 और उमरेठ में 140.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### पति एवं दो बेटों का इलाज जारी, पुलिस ने सब्जी एवं रोटी को भेजा लैब

# जंगली हरी भाजी के सेवन से मां-बेटी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

विकासखंड के ग्राम घुडनखापा में कल रात्रि जंगली सब्जी बनाकर खाने से एक परिवार मौत की कगार में पहुंच चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नोकिता धुर्वे आयु (43) एवं इसकी बेटी योगिता (16) की मौत हो गई है और महिला का पति सूर्यभान एवं दो पुत्र अविनाश (13) एवं आशीष (11) का इलाज पांढुर्णा सिविल अस्पताल में जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम घुडनखापा में सूर्यभान धुर्वे (45) का परिवार का निवास करता है। कल शाम को सूर्यभान और नोकिता ने जंगल से हरी भाजी लायी और रात के खाने में इसकी सब्जी बनाई। रात्रि लगभग 12 बजे योगिता के पेट में जोरों से दर्द उठा। इसके बाद रात्रि एक बजे नोकिता की तबीयत भी बिगड गई। मां बेटियों ने कई दफा उल्टियां की। सुबह पता चला कि सूर्यभान एवं उसके दोनों बेटों की तबीयत भी बिगड गई। जब सुबह पूरा परिवार अस्पताल पहुंचा तब तक योगिता दम तोड चुकी थी, और नोकिता की हालत गंभीर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने नोकिता को नागपुर रिफर कर दिया। सूर्यभान, अविनाश एवं आशीष का इलाज अभी जारी है।

एएसआय मनीष बनोडिया के अनुसार हमने परिवार द्वारा खायी जानेवाली सब्जी और रोटी को जब्त किया है। इसे जांच के लिए लैब भेज दिया गया है। पुलिस अपना शक दूर करना चाहती है कि परिवार की हालत सब्जी खाने से बिगडी है या सब्जी या रोटी में कुछ मिलाया गया है।



**कक्षा में स्मार्ट क्लास संचालन की देखी व्यवस्था**

## कलेक्टर ने किया जमुनिया की शासकीय शाला का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गत दिवस छिंदवाड़ा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला जमुनिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ विद्यार्थियों की तरह कक्षा में बैठकर स्मार्ट क्लास संचालन की व्यवस्था भी देखी। साथ ही शाला के प्रधानाध्यापक श्री सी.बी.उईके से अन्य जानकारियां भी प्राप्त कीं। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री नीलकन्ठ पटवारी, वरिष्ठ कृषि अधिकारी श्री धीरेन्द्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारी भी साथ में थे।

## सांसद बंटी साहू ने कहा अमरवाड़ा के विकास के लिए भाजपा पार्टी है जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू अमरवाड़ा विधानसभा के ग्रामों में पहुंचे उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी की बैठक ली और प्रचार किया । इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है अमरवाड़ा के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी कमलेश शाह को जिताये। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मैं सांसद बना हूँ, लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करूंगा। अमरवाड़ा में भाजपा का विधायक होगा तो केन्द्र और प्रदेश सरकार से विकास के काम होंगे। सांसद बंटी विवेक साहू अमरवाड़ा क्षेत्र के पांडू पिपरिया, बांकी जैतपुर, सिधौली, छिंदी, चोपना, चोर डोंगरी, बिजोरी पठार सहित दर्जनों गांव में पहुंचे। कार्यकर्ताओं की बैठक के साथ आमजनता को भी संबोधित किया। सांसद श्री बंटी विवेक साहू जी ने कहा कि सब चाहते है कि अच्छी सड़क बने, अच्छे स्वास्थ्य की सुविधा हो, हॉस्पिटल खुले, बच्चों का भविष्य उज्ज्वल रहें, हर गांव में पीने का पानी पहुंचे यह तभी संभव है जब भाजपा प्रत्याशी कमलेश शाह को विधायक बनायेंगे। किसी भी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका विधायक की रहती है भाजपा की सरकार है विधायक भी भाजपा का बनाये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष हजारी साहू, जिला महामंत्री परमजीत सिंह विज, जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष पवन बंजारा, वरिष्ठ नेता सतीश मिश्रा , भाजपा नेता सैय्यद जाफर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### पीठासीन, मतदान अधिकारियों व माइक्रो आब्जर्वरों का प्रशिक्षण आज

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार विधानसभा 123-अमरवाड़ा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत अनुपस्थित श्रेणी वाले मतदाताओं दिव्यांग मतदाता एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं से विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर प्रथम चरण में 01 जुलाई 2024 से 02 जुलाई 2024 तक एवं व्दितीय चरण में 03 जुलाई 2024 को मतदान कराये जाने के लिये 07 मतदान दलों एवं रिजर्व दल का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि गठित दल एवं रिजर्व दल मतदान के संबंध में संबंधित पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारियों एवं माइक्रो आब्जर्वरों का प्रशिक्षण 29 जून 2024 शनिवार को प्रातः 12 बजे से शासकीय कन्या मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा में आयोजित किया गया है, जिसमें गठित दलों एवं रिजर्व दल की उपस्थिति अनिवार्य है।

### मोहरली फीडर के क्षेत्रों में आज विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33/11 के.व्ही., एल.टी.लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रखरखाव कार्य के लिये 29 जून 2024 शनिवार को मोहरली फीडर के क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 9 से दोपहर 01 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 29 जून 2024 शनिवार को मोहरली फीडर के अंतर्गत फर्स्ट स्टेप स्कूल, ढिमराढाना, जामुनझिरी, झण्डा, गिट्टी खदान, मोहरली, खैरी भोपाल, लहगडुआ आदि क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

## नेशनल होम्योपैथिक साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



होम्योपैथिक पद्धति के प्रचार प्रसार एवं महत्व को आम जन तक पहुंचाने के साथ इस पद्धति के विकास विस्तार को बढ़ाने के लिए नेशनल होम्योपैथिक साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन स्थानीय करण होटल में किया जा रहा है। आगामी 29 और 30 जून को होने वाले इस सेमिनार में बहुत से वक्ता सेमिनार को संबोधित करेंगे, साथ ही जिले के सांसद विवेक बंटी साहू भी सेमिनार में मुख्य अतिथि होंगे।

इस सेमिनार में मुख्य वक्ता गुजरात के श्यामल किशोर होंगे। वे सेमिनार में जटिल रोगों को जड़ से मिटाने के लिए जल्द आराम पहुचांने वाले उपायों के चयन करने के बारे में बताएंगे। सेमिनार में सभी होम्योपैथिक डॉक्टरों को बहुमूल्य ज्ञान प्राप्त होगा सेमिनार में नैशनल होम्योपैथीक काउंसिल के अध्यक्ष,होम्योपैथिक आयोग के सभापति डॉ अनिल खुराना, नेशनल कमीशन फॉर होम्योपैथिक सेक्रेटरी डॉ संजय गुप्ता , हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अंशुल चड्डा,जीविका पैथोलॉजी से डॉ निधि मैडम भी आएंगे। मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा जिले के नव निर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू भी अपनी उपस्थिति देंगे । विशेष अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा जिले के कलेक्टर भी उपस्थित होंगे।

### 13 वाहनों से लिया गया 57 हजार 500 रूपये का जुर्माना

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज मुलताई-बैतूल मार्ग में सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जिसमें सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि मुलताई-बैतूल मार्ग में वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 13 वाहनों से 57500 रूपये का जुर्माना लिया गया । वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में भी जांच की जा रही है, जिसमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर 6 वाहनों पर 3000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई । उन्होंने बताया कि वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी जा रही है कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### जनपद पंचायत के भृत्य श्याम बुनकर को दी गई विदाई

**परासिया:-** शुक्रवार को जनपद पंचायत परासिया सभा कक्ष में श्याम बुनकर भृत्य एवं सचिव लखन चंद्रवंशी मारई एवं सचिव मंगल सिंह ग्राम तेंदूखेड़ा के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विदाई दी गई । स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल से सम्मान किया गया । उल्लेखनीय है , कि



श्याम बुनकर लंबे समय से जनपद कार्यालय में अपनी सेवा प्रदान कर रहे थे । उनकी मृदु भाषा एवं कार्य शैली को सभी ने सराहा । जनपद उपाध्यक्ष जमील खान ने बुनकर की भूरि - भूरि प्रशंसा की उन्होंने कहा , कि जनपद परिवार में कभी किसी काम के लिए श्याम बुनकर ने मन नहीं किया सरल स्वभाव से वह सबसे अच्छे से बात करते थे और बड़े मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे । साथ ही सचिव लाखन चंद्रवंशी सचिव मंगल सिंह के भी कार्य की सराहना की गई । बैंड बाजे आतिशबाजी फूल माला से इनका स्वागत किया गया । कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी , जनपद उपाध्यक्ष जमील खान , जनपद सीईओ रश्मि चौहान , जिला डीसी स्वच्छता विभाग सुधीर कृषक पंचायत इंस्पेक्टर दीपा पाटिल उपस्थित रहे सचिव संघ द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में जनपद पंचायत का समस्त स्टाफ समस्त सचिव गण कार्यक्रम को सफल आयोजन करने में सचिव संघ के विनोद मर्सकोले नंदकुमार सुशील शुक्ला द्वारका चंद्रवंशी राम मनोहर प्रजापति सहित सभी सचिव का विशेष सहयोग रहा ।

## नगर निगम कर रहा मालासुर के बचाव का प्रचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर निगम के सभी जोन में मालासुर से बचाव हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आम लोगों को सैप्टिक टैंक खाली करवाने के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। प्रत्येक भवन में स्थित सेप्टिक टैंक को तीन साल में खाली करवाना आवश्यक होता है। नगर निगम द्वारा यह कार्य मशीन द्वारा कराया जाता है इसके लिए आवेदक को संपर्क क्रमांक 14420 अथवा 07162-242346 पर संपर्क करना होता है। यह अभियान निकाय के कुकड़ा जगत, जगन्नाथ जोन, चन्दनगांव, लोनिया करबल एवं मुख्यालय में चलाया गया। अभियान के दौरान स्वच्छता निरीक्षक मंगेशराव पवार, अरुण गढ़ेवाल, रामवृक्ष यादव, अनिल लोट , अमित सारवान स्वच्छता अभियान दल से ऋषभ स्थापक एवं पवन सोनी उपस्थित रहे।

## पशु सखियों को मेडिसिन किट का किया वितरण

**पशु पालकों को पशु के बीमार होने पर तत्काल इलाज भी मिल रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



छिन्दवाड़ा जिले के आदिवासी विकास खंड जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा के 15 ग्राम मे बकरी पालन आजीविका संवर्धन कार्यक्रम संचालित है जिसका उद्देश्य आदिवासी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना ओर पशुपालकों की आय में वृद्धि करना आजीविका संवर्धन कार्यक्रम मे जुन्नारदेव विकास खंड के निम्न ग्राम में संचालित है। भाखरा, नादना, पिपरिया डुग्गालाम, चिकटबर्री, राखीकोल, मेडका, मारेगाव, रामपुर, , तानसी, भरदागढ, ब्रजपुरा,चुरनीचोगान, डुंगरिया भरदागढ, इकलामासानी भांडू, पिंडरईकला ग्राम में संचालित है। ये सभी ये सभी गांव आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में हे ओर पहाड़ी क्षेत्र है। इन ग्रामों मे नियुक्त पशु सखी को मेडिसिन किट बांटा गया जिसमें एक ड्रेस,बैग पशुओ के इलाज हेतु आवश्यक दवाएं शामिल हैं। पशु सखी ने सर्वे किया है जिसके अनुसार 7810 परिवार पशुपालते है ओर केवल बकरी पालन करनेवाले 2517 परिवार है। इन 15 ग्राम में कोई भी प्रशिक्षित पशु चिकित्सक य प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता न होने के कारण बकरियों का न तो टीकाकरण होता था न ही बीमार होने पर कोई इलाज हो पाता था। इसके कारण बकरियों की मृत्यु हो जाती थी और पशुपालक गरीबी रेखा से ऊपर नहीं उठ पा रहा था।

ग्रामीण आदिवासी समाज विकास ने द गोट ट्रस्ट लखनऊ के तकनीकी सहयोग से इन 15 ग्राम में पशु सखी की नियुक्ति कर पशु सखीयों को प्रशिक्षण प्रदान किया पशु सखीयों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात अपने कार्यक्षेत्र के गांव में बकरियों हेतु प्राथमिक चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रही है। पशु सखी के कार्य से पशु पालकों को पशु के बीमार होने पर तत्काल इलाज भी मिल रहा है ओर उनकी आय में वृद्धि भी हो रही है। इसके साथ ही बकरी पालन के प्रति उत्साह बढ़ता जा रहा है। यदि आदिवासी समाज बकरी पालन को मुख्य व्यवसाय बनाकर बकरी पालन करे तो आय में वृद्धि होगी ओर ग्राम से पलायन भी रुक जाएगा।

## निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट संग्रहण, गंदगी पर किया जुर्माना

**नगर निगम ने की कार्यवाही, गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों को दी हिदायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर निगम का स्वास्थ्य अमला इन दिनों गंदगी एवं ठोस अपशिष्ट पर कार्यवाही कर रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को निगम के स्वास्थ्य अमले ने चलानी कार्यवाही की। कार्यवाही में भवन स्वामी पर सड़क पर निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट संग्रहण रखने पर भवन स्वामी पर दो हजार रुपए एवं दुकानदार पर गंदगी करने पर पांच हजार रुपए का जुर्माना किया। इस कार्यवाही में स्वच्छता निरीक्षक अनिल लोट, रामभरोस चंद्रवंशी, महेंद्र वान्दे, अविनाश चौहान सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई संरक्षक को किया सम्मानित

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा के निर्देशानुसार प्रतिमाह स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई संरक्षक को सम्मानित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में शुक्रवार को चंदनगांव जोन में वार्ड क्रमांक 37 के सफाई संरक्षक नवीन चौहान को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

**नगरपालिका अध्यक्ष ने पूजन कर वाहनों का किया लोकार्पण**

## नगर पालिका को एक टिप्पर, दो नए वैक्युम एंपटायर मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगर पालिका परासिया को दो वैक्युम एंपटायर और एक टिप्पर वाहन मिला है। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने आज इनका पूजन कर लोकार्पण किया और शहर की सफाई व्यवस्था के लिए रवाना किया। दो नए वैक्युम एपंटायर मिलने से नागरिकों को लाभ होगा। अभी टैंक साफ करने की व्यवस्था परासिया नगर पालिका में नहीं थी। नगर पालिका का वैक्युम एंपटायर खराब हो चुका था। आसपास की नगर पालिकाओं से लोगों को मषीन बुलाना पड रहा था। नगर पालिका कार्यालय परिसर में अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेष सोमकुंवर, सीईओ साक्षी वाजपेयी, सभापति आषीष जायसवाल, पवन सूर्यवंषी, बल्लू नागी, शषि सतनामी, कुंती उईके, शोभा सेंगर आदि की उपस्थिति में लोकार्पण किया गया। सभापति आषीष जायसवाल ने कहा कि नगर पालिका को तीन नए वाहन मिले है। इससे सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि परासिया की जनसंख्या को देखते हुए दो वैक्युम एंपटायर और एक टिप्पर शासन से प्राप्त हुआ है। आज विधिवत रूप से कचरा और टैंक साफ करने के लिए इस पूजन कर रवाना किया गया। आज पीआईसी की बैठक में दो टिप्पर की राषि नगर पालिका को और मिली है। इससे शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि सरकार जनसंख्या को देखते हुए सफाई के लिए जो राषि दे रही है। उससे स्वच्छता बनी रहेगी।

रोड नहीं तो वोट नहीं के लगाए नारे, सीईओ सहित इंजिनियर और प्रधानमंत्री सड़क विभाग के अधिकारी ने किया मुआयना

# धबई ग्राम में दूसरे दिन भी चला ग्रामीणों का आंदोलन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के चलते आज दूसरे दिन भी धवई ग्राम के लोग धरना प्रदर्शन करते हुए नजर आए, ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन अनेक लोग आकर लुभावनी बात करते हैं किंतु काम कुछ नहीं करते जिससे इस गांव में विकास नहीं हुआ है आज भी पुराने मकान और कच्ची सड़के अपनी दुर्दशा खुद बयां कर रही है इसी के चलते आज दूसरे दिन भी हम सभी ग्रामीणजन रस्सी बांधकर हाथो में पोस्टर लेकर आंदोलन पर है यदि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो हम मतदान नही करेंगे और किसी भी पार्टी के नेताओ को ग्राम में घुसने नही देंगे। जिसके चलते आज खबर चलने के बाद समस्या जानने अमरवाड़ा सीईओ,प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारी इंजिनियर पीएचई अधिकारी सहित सचिव सहायक सचिव ग्राम धबई पहुंचे।और मतदान नही करने सहित अन्य समस्याओं को लेकर जानकारी ली इस अवसर पर ग्राम के लोगो ने कीचड़ होना डिलीवरी में 2 किलोमीटर तक कंधे पर या चारपाई पर महिलाओं को ले जाना कोई व्यक्ति की तबियत ज्यादा खराब होने पर समस्या सहित अनेक समस्याओं को बताया। किंतु समस्या का कोई हल नही निकला फिलहाल धवई ग्राम के लोग चुनाव भर आंदोलन के मूड पर है अब देखना यह होगा कि क्या इनकी समस्याओं का निदान होगा या फिर लोगो को इसी प्रकार परेशानी उठानी पड़ेगी जो कि आने वाला समय ही बताएगा।

## महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में 28 जून को जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय के विकास को लेकर चर्चा हुई एवं नवीन भवन का निरीक्षण समिति द्वारा किया गया एवं अगामी समय में नेक मुल्यांकन को लेकर महाविधालय में जरूरी आवाश्यक कार्यो को करवाने हेतु प्रस्ताव को मंजूरी दी गई इस अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ.आर पी यादव,समिति अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा,सदस्य आर के पाटिल सर,मोहन सलामे सर,प्रमोद श्रीवास, सुरेश परतेती,उमेश कुरेठे,रजत वानखेड़े,रामदयाल मिनोटे आदि मौजूद रहे।

## आदिवासी छात्रावास निर्माण की कछुआ चाल, 15 दिन का अल्टीमेटम, पुतला दहन करने की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

नांदनवाडी क्षेत्र में आदिवासी छात्रावास निर्माण की कछुआ चाल से नाराज होकर अजय उईके एवं शिवसागर वरकडे के नेतृत्व आज प्रशासन के विरूद्ध नारेबाजी कर ना. तहसीलदार राजेश पटवा को महामहिम राज्पाल महोदय को ज्ञापन सौंपकर तीखी नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन को 15 दिन का अल्टिमेटम दिया गया। इसके बाद आंदोलकर्ताओं ने उग्र आंदोलन करने एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने की चेतावनी दी है। यहां उल्लेखनीय है कि नांदनवाडी में पिछले 4 बरसों से आदिवासी छात्रावास का निर्माण कछुआ चाल से चल रहा है। यह निर्माण कार्य बीते 8-10 माह से पूरी तरह बंद पडा है। ग्रामीणों के अनुसार कांग्रेस एवं भाजपा के नेता आदिवासी क्षेत्र में आकर बडी बडी बातें करते है लेकिन यह जमीनी विकास पर ध्यान नहीं देते। कोयतोड आदिवासी छात्र संगठन ने जिला कलेक्टर पांढुर्ना को ज्ञापन देकर छात्रावास का कार्य शुरू कराने का निवेदन किया था लेकिन कुछ नहीं हुआ। आज ज्ञापनदाताओं में कोयतोड आदिवासी छात्र संगठन जिला अध्यक्ष अजय धुर्वे, निलेश कोडापे, सुखदेव इवनाती, मोनू उईके, राष्ट्रीय क्रांती मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधाकर वरकडे, चिंतामन कुमरे, आशीष पाटिल, राजदीप शेडे, दीपक वंजारी, विजेंद्र सोनी, अरूण उईके, दिलीप उईके, चौरई ब्लॉक अध्यक्ष अंकुश उईके, विक्रम उईके, जय सरेयाम एवं अन्य शामिल थे।

## 32 वर्षों की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवा निवृत हुए कार्यालय सहायक सोनी



**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 11 में स्थित शासकीय श्री लाल बहादुर प्राथमिक शाला जुन्नारदेव में कार्यालय सहायक के पद पर पदस्थ श्याम सोनी 32 वर्षों की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हुए उनकी सेवानिवृत्ति पर स्कूल स्टाफ द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। संस्था के प्रमुख ओम प्रकाश नामदेव द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सीएस दीक्षित कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं अपील समिति सदस्य वार्ड पार्षद संजय जैन, अवधेश विश्वकर्मा, संजय व्यास सुदामा विश्वकर्मा, प्रबंधन समिति अध्यक्ष हेमा सरने, प्रदीप ठाकुर, प्रियंका तिवारी, रचना मिश्रा, दीपाली शुक्ला, रीना पवार, उषा किरण, किरण सिंह, वेदांत सिंह, प्रज्ञा सोनी, पलक सोनी, समर भलावी आदि की उपस्थिति रही। सम्मान समारोह के दौरान उन्हें शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया एवं उनके द्वारा दी गई सेवाओं का बखान उपस्थित अतिथियों एवं सहयोगी स्टाफ द्वारा किया गया। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम के दौरान श्री सोनी ने 32 वर्षों तक उनके सहयोगी रहे लोगों को धन्यवाद प्रेषित किया एवं सदैव ही लाल बहादुर शास्त्री संस्था के लिए समर्पित रहने की बात कही साथ ही जब भी संस्था को जरूरत होगी वह समर्पित होकर संस्था पहुंचेंगे इसकी बात भी कहीं।

## जिला स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



जिला स्पोर्ट्स ग्रेपलिंग संघ द्वारा आयोजित पहली जिला स्तरीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन शहर के विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय प्रांगण में 27,28 जून तक अयोजित की गई है। जिला ग्रेपलिंग संघ के सचिव/अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी,कोच योगेश रुखमांगद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के लगभग 60 खिलाड़ी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता को अंडर 9,11,13,15,17 बालक बालिका खिलाड़ी में मध्य उम्र एवं वजन के अनुसार संचालित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में आदिवासी विकास विभाग के जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुरोध शर्मा, आई मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष निलेश शुक्ला,ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल के संचालक निखिलेश उपाध्याय,जिला स्पोर्ट्स ग्रेपलिंग संघ के उपाध्यक्ष श्री विवेक चंद्रवंशी उपस्थित रहे। अतिथियों और माता पिता के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र ,मेडल,ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। एवम इस प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा जो कि आगामी तिथि पर इंदौर में आयोजित की जायेंगी।

## सागर बंदेवार जिलाध्यक्ष पद से हटाए गए

**छिंदवाड़ाः** विगत 7 वर्ष पूर्व सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार ने अपने ने अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए साथ ही युवा पदाधिकारियों की सहमति से सागर बंदेवार को जिला अध्यक्ष पर मनोनीत किया गया था लेकिन कुछ वर्षों से सेन समाज समाजिक गतिविधियां शून्य पड़ी हुई थी न तो उनके द्वारा कोई भी समाजिक बैठक का आयोजन किया जा रहा था न कोई भी न कोई समाजिक गतिविधियां का संचालन किया जा रहा था ओर न ही समाज को विश्वास में लेकर कोई कार्य किया जा रहा था साथ ही विगत 7 सालों में इन्हेंने अपनी कभी भी जिला स्तरीय कार्यकारिणी को कभी बनाया न उसकी कोई न ही बनाने का प्रयास किया न कोई पद की घोषणा की। सालों से खाली पड़ा नगर अध्यक्ष पद खाली पड़ा हुआ था न ही खाली पड़े पद की घोषणा करने कि कोशिश की साथ ही समाज में एकता के सूत्र में पिरोने के बजाय एक तरफा तानाशाही चला कर समाज को भ्रमित करने का प्रयास कर रहें थे जिससे समाज में गलत संदेश जा रहा था।साथ ये स्वयंभू अध्यक्ष बने हुए थे।इन्हीं सब बातों के चलते समाजिक पदाधिकारियों में काफी रोष व्याप्त था इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार ने सागर बंदेवार को आज उनके जिला अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुदबुदा में आयोजित की गई सामान्य जांच स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बुदबुदा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में आसपास के ग्रामों के लगभग 65 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। जिन्हें उनके रोग के अनुसार दवाईयॉ भी स्वास्थ्य केन्द्र से प्रदान की गई।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. अंजू बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर चिकित्सालयों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ क्रेन्द्र बुदबुदा में भी सामान्य जॉच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 65 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईयां उपलब्ध कराई गई। इस शिविर में शुगर, उच्च रक्तचाप, एनिमिया तथा अन्य रोगियों की जांच कर ख़ून की जांच जैसे लिपिड प्रोफाइल, थायराइड, सीबीसी आदि की जॉच भी की गई। शिविर को सफल बनाने में ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा।

विधायक ने सोनोग्राफी मशीन का किया लोकार्पण

# महिलाओं को अब नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** विधायक गौरव सिंह पारधी के प्रयासों ने कटंगी क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हुआ है. शुक्रवार को विधायक ने स्वास्थ्य क्षेत्र की दो बड़ी सौगात दी है. उन्होंने ग्राम घुनाड़ी में उपस्वास्थ्य केन्द्र और वीर शिरोमणि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी में सोनाग्राफी मशीन का लोकापर्ण किया. विधायक ने ग्राम घुनाड़ी में पानी टंकी कार्य का भूमिपूजन किया है. कटंगी अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन के लोकापर्ण समारोह में जिला पंचायत सदस्य सभापति केसर बिसेन, जनपद सदस्य चमन डोंगरवार, नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, पूर्व नपा अध्यक्ष मेष कुमार देशमुख, भोजराज देशमुख, पार्षद कपिल मेश्राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, तिरोड़ी मंडल अध्यक्ष योगेश सोनवाने, प्रकाश सोनवाने, डॉ प्रकाश देशमुख, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दुबे, संतोष तुरकर, डॉ गिरेन्द्र पंवार, डॉ माधुरी पंवार, डॉ राजु चौधरी, डॉ धनेन्द्र चौधरी, प्रगति देशमुख, सरिता चौहान, भगवती मनघटे एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।




विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान एक महिला की बताई समस्या के आधार पर सरकारी अस्पताल कटंगी को सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराने का संकल्प लेने वाले क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने अपने संकल्प को पूरा करते हुए शुक्रवार को सरकारी अस्पताल कटंगी में सोनोग्राफी मशीन का लोकार्पण किया. अस्पताल में एक समारोह का आयोजन कर मशीन का लोकार्पण किया गया. अस्पताल में यह मशीन दो माह पूर्व आ चुकी थी किंतु लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के कारण कोई आयोजन नहीं हुआ था. इस बीच मशीन प्रारंभ करते हुए इसका लाभ भी देना शुरू कर दिया गया था. शुक्रवार को विधायक के हस्ते इस मशीन का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया गया. विधायक ने कहा आज का दिन बहुत खुशी का दिन है. उन्होंने मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव प्रचार का दूसरा दिन था और किसी गांव में एक महिला ने सरकारी अस्पताल कटंगी की परेशानी बतानी शुरू कर दी थी. जब महिला से पूछा था कि किस तरह की समस्याएं होती है तो महिला ने सबसे पहले सोनोग्राफी नहीं होने की बात बताई थी और बताया था कि मशीन नहीं होने के कारण महिलाओं को जांच के लिए 50 किमी. दूर बालाघाट या तुमसर जाना पड़ता है. विधायक ने कहा कि तभी संकल्प लिया था कि जनता का आशीर्वाद मिला तो सबसे पहले अस्पताल को यह सौगात दिलाई जाएगी और अपने इस संकल्प को और बड़ा करने के लिए उस दिन प्रतिज्ञा ली कि अगर सोनोग्राफी की मशीन नहीं आई तो दीवाली का दीपक नहीं जलाऊंगा. जनता का आशीर्वाद मिला और दिसंबर के दूसरे सप्ताह में भोपाल आवेदन लेकर पहुंचा. जिसमें तीन मांग शामिल थी. अस्पताल के लिए सोनोग्राफी मशीन, सामुदायिक अस्पताल को सिविल अस्पताल में परिवर्तन हमारे पार्टी के नेता ने जब दीवाली के दीपक की बात सुनी तो भाव-विभोर हो गए और अस्पताल के लिए सोनोग्राफी की मशीन प्रदान कर दी।

**सिविल अस्पताल के लिए किया जा रहा प्रयासः** विधायक ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी को 100 बिस्तरों का सिविल अस्पताल बनाने का हमारा प्रयास जारी है. विधायक ने कहा कि सरकारी अस्पताल कटंगी के सभी चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों के सभी रिक्त पदों पर नियुक्तियां होगी. विधायक ने कहा कि सरकार प्रदेश के कुछ अस्पतालों में पीपीपी मॉडल यानी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप लागू करने की योजना बना रही है. अगर ऐसा होता है तो 30 बिस्तरों वाले कटंगी अस्पताल को इसमें शामिल किया जाएगा।

## युवाओं ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**कटंगी।** शुक्रवार को शहर के खेल प्रेमी युवाओं और खिलाड़ियों ने विधायक को एक ज्ञापन सौंपकर सरकारी अस्पताल कटंगी में लगने वाली सदभावना प्रदर्शनी (मीना बाजार) का स्थान परिवर्तन करने की मांग की है. दरअसल, युवाओं को जानकारी मिली है कि आगामी 10 जुलाई से सरकारी अस्पताल में प्रदर्शनी लगने वाली है. खेल प्रेमियों को कहना है कि जिस स्थान पर प्रदर्शनी लगती है. वहां नगर के युवा और खिलाड़ी पूरे साल भर अलग-अलग खेलों का अभ्यास करते है. अब अस्पताल मैदान में प्रदर्शनी लगेगी तो अभ्यास चक्र टूट जाएगा. खेल प्रेमियों ने बताया कि शहर में अन्य खेल मैदान नहीं है जिस कारण सरकारी अस्पताल मैदान में ही सभी खेलों का अभ्यास किया जाता है. प्रदर्शनी लगने से खिलाड़ी अभ्यास नहीं कर पाएगें. खिलाड़ियों ने बताया कि प्रदर्शनी लगने से अस्पताल मैदान खराब हो जाता है जगह-जगह गड्ढे होने से मैदान को दुरस्त करने में ही काफी दिन लग जाते है।

## नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं हेतु 1 से 3 जुलाई 2024 तक दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय सतपुड़ा भवन भोपाल के पत्र एवं आदेशानुसार शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी जिला बालाघाट में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम अंतर्गत तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह 1 जुलाई 2024 से 3 जुलाई 2024 तक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं कृष्णा पराते कार्यक्रम संयोजक, नरेंद्र कुमार डोंगरे सह संयोजक एवम् समस्त गठित सदस्यों के नेतृत्व में आयोजित किया जाना है।

**प्रातः 9 से ढ़ाई बजे तक होगा कार्यक्रमः** तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के इंदिरा कक्ष में एक जुलाई को प्रातः 09 बजे से ढ़ाई बजे तक आयोजित किया जायेगा। दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नए प्रवेशित विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने, अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने तथा उन्हें व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है। समाजीकरण, अभिशासन और अनुभव के आयाम को समाहित करने शामिल होगे यह सभी महाविद्यालय द्वारा कार्यक्रम में समाजीकरण, अभिशासन और अनुभव के आयाम को समाहित करना सुनिश्चित किया जाने के साथ ही कार्यक्रम में महाविद्यालय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों, संस्थाओं के प्रमुख महत्वपूर्ण अधिकारी/कर्मचारी, संकाय मार्गदर्शक एनसीसी, एनएसएस, चयनित पूर्व छात्र, चयनित वरिष्ठ छात्र, सिविल समाज, आमंत्रित विशिष्ट व्यक्ति, शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित होगी।

दीक्षांत समारोह में शारीरिक क्रियाकलाप, मार्गदर्शन, विभाग शाखा से परिचित होना, सृजनात्मक कला तथा संस्कृति, साहित्यिक क्रियाकलाप, विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा व्याख्यान एवं महाविद्यालय पाठक उत्तर क्रियाकलाप से नव प्रवेशित छात्र- छात्राओं को मार्गदर्शित किया जाएगा और मार्गदर्शन सत्र के दौरान प्रति दिवस विद्यार्थियों की आकांक्षाएं, परिवार की आशाएं, मदद करने वाले लोगों के प्रति आभार, स्वयं की तथा शरीर की मानवीय आवश्यकताएँ, साथियों का दबाव, समृद्धि एवं संबद्ध अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा व्याख्यान के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

## भारत विकास परिषद ने मनाया संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश का जन्मदिन

**वारासिवनी।** भारत विकास परिषद शाखा वारासिवनी द्वारा भारत विकास परिषद के संस्थापक स्वर्गीय डॉ सूरज प्रकाश का जन्म दिन 27 जून से 10 जुलाई तक सेवा पखवाड़े के तहत मनाया जायेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए शाखाअध्यक्ष लोकचंद ठाकरे ने बताया कि भारत विकास परिषद के संस्थापक स्वर्गीय डॉ सूरज प्रकाश का जन्म 27 जून 1920 को हुआ था। जिनका जन्म पंजाब के गुरुदासपुर जिले के चमल गांव में पिता रामसरन महाजन व माता श्रीमती मेला देवी के बड़े पुत्र के रूप में हुआ था। इनका परिवार समर्पित, धार्मिक, समाजवादी था। विदित हो कि डॉ साहब बचपन से ही मेधावी छात्र थे। उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई की, एमबीबीएस पास करने के बाद उन्होंने सर गंगाराम अस्पताल में हाउस सर्जन के रूप में कार्य किया।

शिक्षा विभाग सो रहा हैं कुंभकर्णीय नींद ...

# एक ही कमरे में संचालित हो रही कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में नया शिक्षा सत्र शुरू हो जाने के बाद भी शासकीय स्कूलों की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं आया है और वही पुरानी घिसी पिटी शिक्षा व्यवस्था में स्कुलो का संचालन किया जा रहा है जंहा एक तरफ नए CM राइस स्कूल खोलकर बच्चों के उज्वल भविष्य की कल्पना की जा रही है जबकि ग्रामीण छेत्रो में आज भी स्कुलो के हालात बद से बत्तर होते जा रहे है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। बता दें कि मध्य प्रदेश के आखिरी चोर पर बसा हुआ तथा महाराष्ट्र राज्य से लगा हुआ एक ऐसा गांव है जो की जनपद शिक्षा केंद्र लांजी के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला परसवाड़ा की जंहा एक ही अतिरिक्त कमरे में कक्षा 01 से 05 तक कि कक्षाएं एक साथ संचालित हो रही जिसमे कुल 53 बच्चे है जिन्हें 03 शिक्षक पढ़ाते हैं। हालात ये है कि इस एक ही कमरे में दो ब्लैक बोर्ड लगे है जिसमे अलग अलग शिक्षक अलग अलग विषयो को लेकर क्रमशः अलग अलग कक्षाओ के बच्चों को एक साथ पढ़ाते हैं ऐसी स्थिति में बच्चों के शोर की वजह एंव विषयो के अलग अलग होने के कारण बच्चे भृमित हो जाते हैं और पढ़ नही पा रहे हैं जिससे शिक्षको एंव बच्चों दोनो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।जनपद शिक्षा केन्द्र लांजी के अंतर्गत दर्जनों ऐसे स्कूल हैं जंहा एक ही कमरे सारी कक्षाएं संचालित होती है और भवन भी जर्जर हालत में पढ़े है जंहा जान जोखिम में डालकर छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। बता दें कि परसवाड़ा के जिस प्राथमिक स्कूल की हम बात कर रहे हैं वह आजादी के 07 साल बाद 1954 में ही बन गया था और 1954 से लेकर 2020 तक 01 से 05 तक कि प्राथमिक शालाएं संचालित हो रही थी लेकिन अब वह स्कूल अपनी दुर्दशा पर रो रहा है। वही स्कूल जीर्ण शीर्ण होने के कारण वर्ष 2020 से यंहा संचालित होने वाली कक्षाओ को इसी से लगे एक अतिरिक्त पक्के कमरे में विस्थापित कर दिया गया । लेकिन यह अतिरिक्त कमरा भी अंदर से जर्जर हो गया है और बारिश में टपकने लगता है जंहा बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे है।

वर्तमान विधायक राजकुमार कर्राहे ने किया आश्वस्तयह पूरा मामला विधानसभा लांजी के अंतर्गत आने वाले ग्राम परसवाड़ा का है तो इस विषय में हमने राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि उक्त विषय पर मेरी बात जनपद शिक्षा अधिकारी से हुई है हम जल्द ही अपने विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ऐसे स्कुलो की जानकारी मंगवा रहे जंहा एक ही कमरे में स्कूल संचालित हो रहे हैं या फिर स्कूल जर्जर हो चुके हैं। हालांकि परसवाड़ा स्कूल का भवन वर्ष 23 मार्च 2023 को सेंक्शन हो चुका है जिसकी अनुमानित स्वीकृति राशि 27 लाख 09 हजार रुपये हैं । किन्तु राशि का आबंटन नही होने के कारण स्कूल नही बन पा रहा है मेरे द्वारा जल्द प्रदेश के मुख्यमंत्री एंव शिक्षा मंत्री से बात करके समाधान किया जाएगा।

# शुरू हो रहे विवाह मुहुर्तः 2 जुलाई से लगातार 15 दिन तक विवाह के मुहुर्त

**2 जुलाई से 15 दिन तक एक बार फिर विवाह मुहुर्त शुरू हो रहे है। गुरु व शुक्र ग्रहों के अस्त होने से विवाह समारोहों पर अप्रेल के अंत से लगा विराम 29 जून को समाप्त हो जाएगा। गुरु ग्रह का उदय हो चुका है। अब 29 जून को शुक्रोदय भी होगा। शुक्रोदय होने के 3 दिन बाद ही शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



इसके बाद सभी शुभ और मांगलिक कार्य शादी-विवाह, नामकरण, जनेऊ, मुंडन, गृहप्रवेश, भूमि पूजन, भवन-वाहन, आभूषण की खरीदारी शुरू हो जाएगी। शुक्र ग्रह के उदय होने से विवाह आदि के लिए इंतजार कर रहे लोगों को 2 से 16 जुलाई तक लगातार शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इसके चलते जिनके विवाह तथ हो चुके हैं। उन्होंने तैयारियां आरंभ कर दी हैं। इसके बाद फिर 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी के बाद चार माह तक विवाह नहीं होंगे। ज्योतिषाचार्य जनार्दन शुक्ला ने बताया कि शक्र ग्रह का उदय 29 जून की रात 9.34 बजे पश्चिम दिशा में होगा।
इसके बाद जुलाई में 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8,9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16 जुलाई 15 दिन तक लगातार विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। मैरिज गार्डन बारातघर के संचालकों के अनुसार जुलाई में विवाहों के आयोजन के लिए नगर के मैरिज गार्डन तैयार हैं। वर्षा के चलते इन मैरिज गार्डन व बारातघरों को बुकिंग मिली हैं। वर्षा को देखते हुए गार्डनों की विद्युत साज-सज्जा व आर्टिफिशियल फूलों से सजावट की जा रही है। इसके साथ ही लोगों ने बरसात के लिहाज से मैरिज गार्डनों की सजावट कराने के ऑर्डर दिए हैं।
ज्योतिषाचार्य पंडित के अनुसार विवाह के लग्न मुहूर्त देखते समय गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी होता है। इनमें से एक भी यह अस्त होने या खराब स्थिति में होने पर उस तिथि में विवाह का मुहूर्त नहीं बनता है। देवगुरु बृहस्पति और शुक्र देव को विवाह के लिए कारक माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु और शुक्र ग्रह मजबूत स्थिति में होते हैं तो जल्द शादी के योग बनते हैं।
इन दोनों ग्रहों के कमजोर होने पर विवाह में बाधा आने लगती है। यह भी माना जाता है कि गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर विवाह नहीं किया जाता है। इस बार गुरु यह 3 मई को अस्त हुए थे। इसके चलते ये शुभ नहीं हो रहे थे। गुरु ग्रह 2 जून को उदय हो चुके हैं। वहीं शुक्र ग्रह 29 अप्रेल को अस्त हुए थे। 29 जून को शुक्रोदय होगा। इसके बाद शुक्र की बाल्यावस्था समाप्त होने पर 2 जुलाई से विवाह आरंभ हो जाएंगे।



## खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के दल द्वारा लिया गया विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन सिवनी की टीम द्वारा विगत दिवस कुमकुम ट्रेडर्स खरीटेक से चांवल, प्रफुल फ्लौर मिल डूंडा सिवनी से आटा, मैदा, सूजी,पलाश बेकरी से टोस्ट, ब्रेड, खड़ी, पाव, संवर्धि होटल एवम लॉन से गुड एवम एक्सपेरी टोस्ट का नमूना लिया, एवम खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत सभी खाद्य प्रतिष्टानों को सुधार सूचना पत्र जारी किए, समृद्धि होटल में अशोक स्थिति में किचन संचालित करने तथा खाद्य सामग्री निर्माण करने के कारण उक्त खाद प्रतिष्ठा का खाद्य पंजीयन निलंबित कर खाद्य कारोबार एवं रेस्टोरेंट को सुधार सूचना पत्र जारी कर सुधार कार्य तक रेस्टोरेंट संचालित न करने के आदेश जारी किए गए।

## यातायात पुलिस द्वारा 45 स्कूली वाहनों का कटा चलान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस सिवनी के द्वारा स्कूलों में छात्र- छात्राओं का परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है जिसमें ऐसे वाहन जो स्कूल में परिवहन कार्य करते हैं परंतु उनके द्वारा क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन किया जाता है साथ ही उनमें अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, वर्टिकल ग्रिल एवं अन्य सुरक्षा उपायों की कमी है ऐसे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।



उक्त अभियान के तहत विगत दो दिनों में ऐसे 45 वाहनों पर चलानी कार्यवाही की गई साथ ही वाहन चालन करने वाले चालको एवं स्कूल संस्थान के प्रबंधन को वाहनों में समुचित सुरक्षा उपाय करने एवं क्षमता अनुसार परिवहन करने हेतु हिदायत भी दी गई। यातायात पुलिस की समस्त शैक्षिक संस्थानों से अपील है कि वे अपने संस्थान के वाहन जो छात्र-छात्राओं के परिवहन में उपयोग किया जा रहे हैं उनमें समस्त आवश्यक सुरक्षा उपाय रखें। ऐसा न करने पर यातायात पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जावेगी ।

### वसुंधरा में हरियाली की चादर फैलाने हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

## कृषि विज्ञान केंद्र में एक पेड़ मां के नाम कैंपेन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में वृद्ध स्तर पर कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का वर्षा काल में शुभारंभ किया गया है। डॉ बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पीपल का पौधा लगाकर इस कैंपेन का शुभारंभ किया गया।
जिसमें भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मिले दिशा निर्देशों के अनुसार ₹एक पेड़ मां के नाम₹ के अंतर्गत कृषि विज्ञान परिसर में वर्षा काल के दौरान विभिन्न प्रकार के वृक्षों का वृक्षारोपण कार्यक्रम सतत जारी रहेगा जिसमें बेर, आँवला, नीम, मुनगा, सीताफल, अमरुद, पीपल, बॉस, अशोक, नींबू, गुलमोहर, आम आदि का वृक्षारोपण वृहद स्तर पर किया जाना है। जिसका शुभारंभ आज कृषि विज्ञान के परिसर में नीम, मुनगा एवं सीताफल आदि पौधों के वृक्षारोपण के साथ ही प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में किसी विज्ञान केंद्र के समस्त वैज्ञानिक एवं कर्मचारी द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रियता के साथ भाग लिया, वृक्षारोपण के कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ शेखर सिंह बघेल डॉ निखिल सिंह वैज्ञानिक, डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर वैज्ञानिक इंजीनियर कुमार सोनी, डॉ जी के राणा, डॉ करुणा मेश्राम, श्रीमति आभा श्रीवास्तव, श्रीमति चंचला शिव, शुभम झारिया, शिवशंकर मिश्रा एवं समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति रही ।



## नैनो यूरिया एवं डीएपी के उपयोग करें कृषक बंधु



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने गुरूवार को जिले के युवा कृषक एवं उद्यमी अंकुश चौकसे एवं विनय को इफको के माध्यम प्रदाय किए गए किसान ड्रोन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, साथ ही उन्होंने दोनों युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिले के किसान बंधुओं को भी नैनों यूरिया एवं डीएपी के उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कृषकों को अवगत कराया है कि सामान्य रूप से उपयोग किए जा रहे दानेदार उर्वरकों के स्थान पर नैनों यूरिया एवं डीएपी का उपयोग करने से लागत में कमी आती है तथा उनका रखरखाव भी आसान होता है। उन्होंने कृषकों से आगे आकर नवीन तकनीक को अपनाने तथा कृषि लागत को कम कर अधिकतम लाभ कमाने की अपील की है।

## सीएम मोहन यादव सरकार के फैसले का मातृ शक्ति संगठन ने किया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एक लंबे समय से मातृ शक्ति संगठन द्वारा प्रदेश के मुखिया से यह माँग की जा रही थी कि शहीद होने पर जवान के परिवार को दी जाने वाली राशि को दो हिस्सों में दिया जाए। 50%माता पिता एवं 50% पत्नी को मिलना चाहिए। ज्ञात हो कि विगत 17 सालों से शहीद परिवारों के सम्मान एवं उनके हक में न्यायोचित अवसर प्रदान कराने की लड़ाई संगठन द्वारा लड़ी जाती है जिसकी वजह से मातृ शक्ति संगठन राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बना चुका है। जवान के शहीद होने पर उनके घर तक पहुँचना एवं उनकी परेशानियों का निवारण संगठन की प्राथमिकता रही है। संगठन अध्यक्ष सीमा चौहान ने कहा कि किसी भी शहीद परिवार की सबसे बड़ी विडंबना शहीद जवान की पत्नी वीर वधु को मिलने वाली राशि ही है जो जवान के परिवारों को तोड़ रही है। संगठन के पास ऐसी अनेकों शिकायतें आती है जिन्हें शहीद के माता पिता द्वारा किया जाता है की उनके बेटे की शहादत के बाद अक्सर उनकी वीर वधु या तो परिवार से अलग हो गईं या अपने मायके चली जाती हैं । ऐसी स्तिथि में माता पिता के हक में कुछ नहीं आता और हालात तब और बिगड़ जाते हैं जब माँ बाप का इकलौता बेटा देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे देता है और माता पिता दर दर की ठोकरें खाते है क्योंकि अब उनका ना तो कोई पालनहार है ना ही उनके पास पैसा होता है।
संगठन द्वारा ऐसे परिवारों से दूर दूर तक जाकर मुलाकात की गई एवं वीर वधुओं को समझाने की बहुत कोशिशें की गईं की उन्होंने अपना पति ही नहीं खोया है बल्कि बुजुर्ग माता पिता ने अपना बेटा भी खोया है किंतु हमारी समझाइशों का कोई निष्कर्ष नहीं निकला। वीर वधु थोड़ा सा समझने की कोशिश भी करें तो उनका मायका पक्ष उनकी लाड़ली को समझने नहीं देता। ऐसे भी कई मामले संगठन के संज्ञान में आये जहां मायके में भी वीर वधु को मिली राशि सुरक्षित नहीं रह पाई। इसीलिए बढ़ती हुई ऐसी शिकायतों को लेकर संगठन द्वारा उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी को अवगत कराया गया एवं उनसे ये माँग की गई थी कि इस राशि को दो भागों में दिया जाए ताकि माता पिता भी निराश्रित ना हों। संगठन ने तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी के तृतीय कार्यकाल में उनसे मुलाकात कर भी इस विषय पर बात की थी जिसमें उन्होंने संगठन की जायज माँग पर विचार जरूर करने की बात कही थी किंतु कुछ हो नहीं पाया था कोई बात नहीं देर आये दुरुस्त आए। संगठन की मांग पूरी हुई जिसके लिए हम वर्तमान मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी को धन्यवाद प्रेषित करते हैं। ज्ञात हो कि सुकमा आतंकी हमले में शहीद हुए 19 जवानों में से एक मध्यप्रदेश के रीवा जिले से गंगतीरा गाँव का बेटा नारायण सोनकर भी शहीद हुए थे। उनकी शहादत को नमन करने संगठन भी गंगतीरा पहुँचा था। उस समय शहीद परिवार को दी जाने वाली राशि 50 लाख थी संगठन की माँग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी ने इस राशि को 50 लाख से एक करोड़ किया था।



## जनशिक्षक संघ जिला सिवनी का हुआ गठन रामकृष्ण दुबे बने जिलाध्यक्ष

सिवनी। 26 जून 24 को जिला डिंडोरी में रात 8 बजे सभी जनशिक्षकों की आवश्यक बैठक का अयोजन नर्मदा तट के किनारे में किया गया । जनशिक्षक संघ का गठन जनशिक्षकों की समस्याओ जैसे 7 वे वेतनमान के एरियर की किस्त, मॉनिटरिंग भत्ता, आकत्मिक निधि की राशि, एनपीएस की मिसिंग राशि जमा करने, सर्विस बुक मे 2,3 वर्षों से एंट्री नहीं होने संबधी निराकरण नहीं होने के कारण किया गया है। इस गठन के दौरान लगभग 137 जनशिक्षको की उपस्थिति रही । बैठक में जिला जनशिक्षक संघ का गठन करने संबधी निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक के दौरान सभी ने अपनी अपनी समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने के लिए, निराकरण कराने के लिए बात रखी। इसी क्रम में हसीब खान ने रामकृष्ण दुबे का नाम जिलाध्यक्ष के पद के लिए प्रस्ताव रखा। कमलेश परिहार ने रामकृष्ण दुबे के नाम का समर्थन किया। सर्वसम्मति से सभी उपस्थित जनशिक्षकों ने जिलाध्यक्ष के नाम का समर्थन किया। साथ ही सभी जनशिक्षक साथियो की सहमति से नीरज शिवहरे जिला सचिव, कोषाध्यक्ष श्री हसीब खान को नियुक्त किया गया। साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में नियुक सभी ब्लॉकअध्यक्ष जिला कार्यकारणी में जिला उपाध्यक्ष होंगे। सिवनी से मुकेश नेमा, लखनादौन से धनीराम पटेल, घंसौर से नंदराम नागेश,बरघाट से संतोष पारधी, कुरई से कमलेश परिहार, घनौरा से अमरसिंह बघेल , छपारा से राजेश ठाकुर, केयलारी से महेंद्र ग्वालिया को सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। जिला अध्यक्ष बनने पर श्री दुबे ने जनशिक्षको की समस्याओं को जिला प्रशासन तक पहुंचाने तथा शीघ्र आवेदन देकर निराकारण कराने की बात कही।

### कृषि संबंधी विभागों की कलेक्टर सुश्री जैन ने की विस्तृत समीक्षा

## समूह की लापरवाही से लंबित भुगतानों को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने गुरूवार 27 जून को कृषि संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, सहकारिता, दुग्ध संघ अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही विभागीय योजना तथा उनकी प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।कलेक्टर सुश्री जैन ने उपसंचालक कृषि से खरीफ मौसम अंतर्गत जिले में बोई जा रही फसलों तथा अनुमानित रकबे की जानकारी प्राप्त की, साथ ही जिले में आवश्यकतानुसार खाद-बीज की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को किसानों की आवश्यकतानुरूप खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि लागत में कमी के लिए नैनों यूरिया के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय फसल प्रदर्शन तथा लाभांवित कृषकों के माध्यम से नैनों यूरिया के प्रति जागरूकता बढाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री जैन ने अमानक बीज-खाद के विक्रय की रोकथाम के लिए निजि प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करने तथा नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों जैविक खेती को प्रात्साहित करने लिए निर्देशित किया है।



कलेक्टर सुश्री जैन ने सहायक संचालक उद्यानिकी से जिले की रोपणी, तैयार किए जा रहे पौधों के साथ ही विभागीय योजना के लक्ष्य एवं प्रगति के बारे में जानकारी लेकर मनरेगा द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम में विभाग की सक्रीय भागिदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक जिला एक उत्पाद में चयनित सीताफल के रकबे में बढोत्तरी करने के साथ-साथ उत्पादक कृषकों को फसल का बेहतर मूल्य मिले इस दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने आजीविका मिशन के महिला स्वसहायता समूह को भी उक्त गतिविधि में शामिल करने तथा उनका प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा मत्स्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति के साथ-साथ विभागीय हेचरी के बारे में जानकारी लेकर झिंगा पालन की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने मत्स्य पालन गतिविधियों में आजीविका मिशन के समूहों को भी शामिल करने के लिए निर्देशित किया है। इसी तरह पशुपालन विभाग की विभाग समीक्षा करते हुए कलेक्टर सुश्री जैन ने जिले में संचालित गौशालाओं के व्यवस्थित संचालन के लिए विभागीय मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही साथ पशुपालकों को के सी सी वितरण कार्यवाही में भी गति लाने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा विगत उपार्जन के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए गेंहू उपार्जन के लंबित भुगतान के कारणों को जाना गया। उन्होंने समूह की लापरवाही से लंबित भुगतानों को लेकर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वेयरहाउस कार्पोरेशन के अधिकारियों को आगामी उपार्जन को लेकर वेयरहाउसों की रैंकिंग तैयार करने के लिए निर्देशित किया है। इसी तरह आजीविका मिशन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को उपार्जन में संलग्न समूह के ऑडिट कार्य 30 जुलाई तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा नाबॉर्ड, सहकारिता तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को जिलेमें अधिक से अधिक एफपीओ के गठन तथा उनके प्रशिक्षण के लिए निर्देशित किया गया है।

### सम्पन्न हुआ गौ हत्या प्रायश्चित्त पूजन कार्यक्रम

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किये जाने की मांग उठी

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।** विगत दिनों सिवनी जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर सनातन संस्कृति के विरोधी व विधर्मियों द्वारा बड़ी संख्या में गौवंश की हत्या करके सिवनी जिले की जीवनदायिनी पतित पावनी मां वैनगंगा नदी सहित जिले की पवित्र भूमि को अभिशप्त करने का जघन्य पाप करने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के सामने आने के बाद सभी सनातनी गौभक्त आहत व आक्रोशित होने के साथ ही क्षुब्ध होकर आत्मग्लानि का अनुभव कर रहे हैं । क्योंकि शास्त्रों में वर्णित है कि सर्वदेवमई व सर्वतीर्थमई पूज्या गौमाता के रक्त की एक बूंद भी जिस भूमि पर गिरती है वह भूमि अभिशप्त हो जाती है तथा इसके पाप का दण्ड किसी न किसी रूप में समस्त मानव जाति को भुगतना पड़ता है ।जाने-अनजाने हुए इस पाप के प्रायश्चित्त की भावना से गीता मनीषी ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज की प्रेरणा व मार्गदर्शन में 27 जून गुरुवार को शाम 5 बजे से मां बड़ी खैरमाई मंदिर - केवलारी में गीता पराभक्ति मंडल - केवलारी एवं ब्लॉक ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक गीता पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ कर गौ माता का बहुविध पूजन करते हुए भगवान श्री बांकेबिहारीजी तथा पूज्या गौमाता से क्षमा याचना की गई । साथ ही हताहत गौवंश के उद्धार हेतु भी सामूहिक प्रार्थना की गई ।ब्लॉक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष -श्री दामोदर प्रसाद शुक्ला द्वारा वैदिक सनातन धर्म संस्कृति में वेद लक्षणा गौमाता के महत्व पर सारगर्भित व प्रेरक उद्बोधन देते हुए गौसेवा , गौ संरक्षण व संवर्धन हेतु प्रभावी जनजागरण की आवश्यकता पर बल दिया गया।साथ ही शासन/प्रशासन से गौमाता को अविलंब राष्ट्रीय पशु घोषित कर देवभूमि सम्पूर्ण भारत वर्ष में आवश्यक कानून बनाकर गौहत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग सभी सनातनियों को संगठित होकर किए जाने की बात कही गई । श्री दामोदर शुक्ला द्वारा कहा गया कि ऐसी घटनाओं को लेकर प्रायश्चित्त के साथ ही पुरजोर प्रतिरोध भी हम सभी को करना चाहिए तथा दोषियों को ऐसी कठोर सजा दिलाने हेतु प्रयास करना चाहिए , जो एक नजीर बने ।



इस मौके पर ब्लाक ब्राह्मण समाज केवलारी के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद शुक्ला, ब्लाक ब्राह्मण समाज के संयोजक व गीता पराभक्ति मंडल व मां बड़ी खैरमाई मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ अविनाश तिवारी , ब्लाक ब्राह्मण समाज के कोषाध्यक्ष संजय कुमार तिवारी , ब्लाक ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों में विजय कुमार अवस्थी , दिलीप कुमार मिश्रा, बालगोविंद पाठक ,ब्रजमोहन तिवारी , विष्णु प्रसाद शर्मा , नगर परिषद केवलारी के सभापति - प्रशांत तिवारी , युवा शाखा प्रमुख - दीपेश पाण्डेय, परशुराम वाहिनी प्रमुख - दुर्गेश दुबे , अनिल कुमार दुबे , शशिकांत तिवारी ,राघव द्विवेदी , शोभित उपाध्याय , पार्थ तिवारी , दीपक कुमार तिवारी , सागर तिवारी जी ,सुमित तिवारी, मोती तिवारी, रामावतार तिवारी, ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक- रामनंदन तिवारी , डॉ मदन गोपाल दुबे , गोविन्द प्रसाद तिवारी , भाजपा मंडल अध्यक्ष - सचिन अवधिया , भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष -जयसिंह राजपूत , वरिष्ठ भाजपा नेता -अरुण कुमार चौरसिया , अंतरराष्ट्रीय विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता -राजेश कुमार बघेल , ब्लाक ब्राह्मण समाज महिला शाखा प्रमुख - श्रीमती रेखा द्विवेदी , संयोजिका - श्रीमती रूपाली मिश्रा , श्रीमती रिचा तिवारी , श्रीमती माधुरी तिवारी , श्रीमती भारती तिवारी , श्रीमती अनुसुइया तिवारी , श्रीमती शशि अवस्थी , श्रीमती रितु अवस्थी , श्रीमती मीना तिवारी , श्रीमती संगीता अवस्थी , श्रीमती सुषमा तिवारी , श्रीमती मनोरमा दुबे , श्रीमती मानिल तिवारी , श्रीमती सीमा दुबे , श्रीमती वैजयंती तिवारी , श्रीमती मंजू सोनी , श्रीमती राखी सोनी , श्रीमती ममता बघेल , श्रीमती माधुरी गोस्वामी , श्रीमती नीतू राजपूत , श्रीमती प्रिया बैस , सुश्री शिवानी मिश्रा , सुश्री शिवानी मिश्रा , सुश्री प्रांजुल अवधिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के सम्माननीय सनातनी गौभक्त युवाओं और महिला पुरुषों की उपस्थित रही।

## सिवनी में देखे गए अद्भुत पीले मेंढक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले में हाल ही में एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला। सिवनी जिला मुख्यालय के नए रेलवे स्टेशन के लिए बने सड़क मार्ग में एक स्थान पर बारिश का पानी जमा हो गया था, यहाँ पीले मेंढक देखे गए. जिन्हें पीले मेंढक होप्लोबैट्राचस टाइगरिनस या भारतीय बुलफ्रॉग भी कहा जाता। इन पीले मेंढकों को देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन कुछ लोगों द्वारा इन्हें परेशान किया जा रहा है, कुछ लोग इन्हें पानी से बाहर निकालकर पकडकर ले जाने की योजना बना रहे है जो चिंताजनक हैं।



पीले मेंढक, जिन्हें होप्लोबैट्राचस टाइगरिनस और भारतीय बुलफ्रॉग के नाम से भी जाना जाता है, दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाए जाने वाले कांटेदार जीभ वाले मेंढक की एक बड़ी प्रजाति हैं। ये मेंढक सामान्य मेंढकों से बड़े होते हैं और आमतौर पर हरे रंग के होते हैं, हालांकि उनकी शारीरिक विशेषताएँ और रंग अलग-अलग हो सकते हैं।
सिवनी में पीले मेंढकों का दिखनाः एक दुर्लभ घटना!
सिवनी में पीले मेंढकों का दिखना एक दुर्लभ घटना है। बारिश के मौसम में इनका प्रकट होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि यह इनके प्रजनन काल का समय होता है। इन पीले मेंढकों को देखकर लोग चकित रह गए और उनकी ओर आकर्षित हो गए। हालाँकि, कुछ लोगों द्वारा इन्हें परेशान करने की घटनाएँ भी सामने आईं, कुछ लोग इन्हें पानी से बाहर निकालकर पकडकर ले जाने की योजना बना रहे है जो चिंताजनक हैं।

### विशेषताएँ और निवास स्थान

भारतीय बुलफ्रॉग का रंग पीला होता है, जो उनके प्रजनन काल के दौरान अधिक उज्ज्वल हो जाता है। ये मेंढक पानी के निकटतम क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जैसे कि तालाब, झील, और नदियाँ। उनका शरीर बड़ा और मजबूत होता है, जो उन्हें अन्य मेंढकों से अलग बनाता है। इनके पैर लंबे और शक्तिशाली होते हैं, जो इन्हें दूर तक कूदने में मदद करते हैं।

### आहार और व्यवहार

भारतीय बुलफ्रॉग मांसाहारी होते हैं और छोटे कीट, मछली, और अन्य छोटे मेंढकों को खाते हैं। ये रात्रिचर होते हैं और रात के समय अधिक सक्रिय रहते हैं। इनके शिकार करने की तकनीक भी अद्भुत होती है, जिसमें ये अचानक छलांग लगाकर अपने शिकार को पकड़ते हैं।

### पर्यावरण और संरक्षण

इनमेंढकों का हमारे पर्यावरण में महत्वपूर्ण योगदान होता है। ये कीटों की संख्या को नियंत्रित रखते हैं और जैव विविधता को बनाए रखने में मदद करते हैं। हमें इनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। इन पीले मेंढकों को परेशान करना या उनका शिकार करना पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकता है।

### भारतीय बुलफ्रॉग का जीवनचक्र

भारतीय बुलफ्रॉग का जीवनचक्र कई चरणों में विभाजित होता है। इनका अंडे से विकसित होकर वयस्क मेंढक बनने तक का सफर अद्वितीय होता है। प्रारंभ में, मादा मेंढक पानी में अंडे देती है। इन अंडों से कुछ दिनों में टैडपोल निकलते हैं, जो पानी में तैरते हैं और छोटे-छोटे जीवों को खाते हैं। धीरे-धीरे, ये टैडपोल विकसित होकर वयस्क मेंढक बनते हैं और जमीन पर आ जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### आज व्यय प्रेक्षक पहुंचेंगे बालाघाट

**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये नियुक्त व्यय प्रेक्षक अरविंद कुमार को नियुक्त किया गया है। शनिवार को व्यय प्रेक्षक कुमार बालाघाट पहुंचेंगे। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कुमार के प्रवास के दौरान प्रेक्षक के लिये लॉयजनिंग अधिकारी श्री निशांत कुमार (संभागीय लेखापाल कार्यालय वरिष्ठ भू-जल विद सर्वेक्षण ईकाई बालाघाट) को नियुक्त किया है। साथ ही अन्य कर्मियों में स्टेनोग्राफर फुलचंद उयके, कंप्यूटर ऑपरेटर विरेंद्र गोखले तथा भृत्य अनिल गुर्जर को नियुक्त किया गया है।

### स्थाई वन समिति की बैठक हुई स्थगित

**बालाघाट।** वन समिति एवं वनमण्डलाधिकारी सचिव दक्षिण सामान्य वनमण्डल से प्राप्त जानकारी अनुसार 29 जून को स्थाई वन समिति की बैठक आयोजित की गई थी। प्राप्त जानकारी अनुसार सभापति श्री महेश मरकाम के बैठक की तिथि में किसी कारणवश उपस्थित न हो पाने के कारण बैठक स्थगित कर दी गई है।

### 4 जुलाई को होगी कृषि स्थायी समिति की बैठक

**बालाघाट।** कृषि स्थायी समिति की बैठक 4 जुलाई को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी।

### कांग्रेस नेता किशोर पाराशर पंच तत्व में विलीन



**वारासिवनी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सेवा सहकारी समिति खैरलॉजी अध्यक्ष किशोर पाराशर 70 वर्ष का 27 जून की रात्रि लगभग 11 बजे हृदयाघात से निधन हो गया। जानकारी अनुसार श्री पाराशर स्वास्थ्य खराब होने के कारण 27 जून को चिकित्सक से उपचार करने के लिए बालाघाट गए हुए थे। जहाँ पर उन्होंने चिकित्सक से उपचार करने के बाद अपने छोटे भाई अरुण पाराशर के निवास स्थान पर चले गए। उनके आकस्मिक निधन से उनके परिजन स्तब्धित रह गए। श्री पाराशर के आकस्मिक निधन की खबर खैरलॉजी व वारासिवनी क्षेत्र में फैलते ही उनके परिजनों व चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई।

### 30 जून से 1 अक्टूबर तक रेत खदानों पर खनन कार्य होगा प्रतिबंधित

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल के पत्र के पालन में रेत खनन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए है। जारी पत्र में मानसून सत्र 30 जून से 1 अक्टूबर तक कि अवधि में जिले में संचालित समस्त रेत खदानों में खनन कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही मप्र स्टेट माइनिंग कार्पोरेशन लिमि. द्वारा नियुक्त माईन डेवलपर कम ऑपरेटर व खनिरियायतधारी रेत खदानों में रेत निकासी के लिए अस्थायी रूप से बनाई गई संरचना व मलबा आदि नदी के जल प्रवाह क्षेत्र से हटाने के निर्देश जारी किए है।

### आज नगर में यातायात व्यवस्था ऐसी रहेगी

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जिले के प्रवास पर होंगे। उनके कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए तथा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर की यातायात व्यवस्था निर्धारित की गई है। यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि शहर में डायवर्सन मार्ग इस तरह होगा। लालबर्रा, वारासिवनी की ओर से बालाघाट आने वाले वाहन एवं बसे डेंजर रोड से नवेगांव - सरेखा-बैहर रोड से बैहर रेल्वे कासिंग होते हुये बस स्टेण्ड जायेगी। गोंदिया, लांजी कि ओर से बालाघाट आने वाले वाहन एवं बसे सरेखा तिरहा से सविधांन चौक-बैहर रोड होकर बस स्टेण्ड जायेगी।

### सरकार इतनी पुलिस परीक्षा केन्द्रों में लगाती तो आज यह आंदोलन की जरूरत नहीं पड़ती-तबरेज

# दिल्ली आंदोलन में जिले के एक दर्जन युवा चोटिल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।







नीट परीक्षा पर पूरे देश बवाल मचा है। जिसे कांग्रेस, पुरजोर तरीके से उठा रही है। इसी कड़ी में युवक कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास के नेतृत्व में पूरे देश से पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष और युवा कांग्रेसियों ने 27 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर में प्रदर्शन किया।

नीट परीक्षा की जांच और अग्निवीर योजना को रद्द करने की मांग को लेकर दिल्ली में हुए आंदोलन में जिले से जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष तबरेज खान की नेतृत्व में दो दर्जन से ज्यादा युवाओं ने हिस्सा लिया था।

दिल्ली के जंतर-मंतर से आगे सांसद भवन का घेराव करने जा रहे युवा कांग्रेसियों को रोकने के बाद भी नहीं रुकने पर पुलिस ने बल प्रयोग किया, जिसमें जिले के लगभग एक दर्जन युवाओं को चोटें आई हैं।

### केंद्र सरकार की तानाशाही

जिलाध्यक्ष तबरेज खान ने कहा कि नीट पेपर लीक और सेना में अग्निवीर भर्ती धोखे के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे यूथ कांग्रेस के साथियों पर बर्बरतापूर्वक पुलिस ने लाठी-चार्ज किया, जो नरेंद्र मोदी सरकार के तानाशाही को दर्शाता है।

देश के युवाओं से हो रहे अन्याय के खिलाफ न्याय की इस आवाज को एनडीए सरकार दबा नहीं सकती। आज युवक कांग्रेस के प्रदर्शन को रोकने किया गया इतना पुलिसिया इंतजाम अगर परीक्षा सेंटरों पर होता तो हमें संसद घेराव की जरूरत नहीं पड़ती।उन्होंने कहा कि पेपर लीक मामले में सरकार के खिलाफ जंग जारी रहेगी। दिल्ली आंदोलन में शामिल होने जिले से पहुंचे लगभग 12 युवा कार्यकर्ता पुलिस के बल प्रयोग से चोटिल हो गए हैं।

# उपायुक्त सहकारिता हुए सेवानिवृत्त, विभाग और बैंक कर्मचारियों ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





सहकारिता विभाग में पदस्थ के. व्ही. सोरते उपायुक्त सहकारिता और श्रीमती कल्पना तोमर एलडीसी के सेवानिवृति के अवसर पर 28 जून को भावभीनी बिदाई सहकारिता विभाग और बैंक अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा दी गई। इस अवसर पर श्री सरोते ने कहा कि विभाग के साथ साथ बैंक द्वारा भी पूरा सहयोग मेरे कार्यकाल के दौरान मिला जो कि अविस्मरणीय हैं। मुझे इस जिले में सभी अधिकारी और कर्मचारियों के कार्यों को भुला नहीं पाऊंगा।

इस दौरान बैंक सीईओ आर.सी. पटले ने कहा कि सरोते उपायुक्त सहकारिता इसके पूर्व भी बालाघाट में पदस्थ रहे जिनकी सेवानिवृत्ति बालाघाट से ही हो रही है जो की सौभाग्य की बात है श्री सरोते बालाघाट की संस्कृति से परिचित रहे हैं निश्चित तौर पर टीमवर्क में कार्य किया गया है। विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी की टीम अच्छी है टीम बनाने के लिए सकारात्मक सोच जरूरी है। श्री सरोते जी का अनुभव समाज कल्याण के लिए जरूरी है। वह कम बोलते हैं और जब भी बोलते हैं तो सकारात्मक बातें करते हैं। इस दौरान ए.आर. राजेश उईके ने कहा कि श्री सरोते द्वारा 43 साल तक सहकारिता विभाग में कार्य किया हैं उनके बताया मार्ग में विभाग अग्रसरता की ओर बढ़ेगा। इस अवसर पर एस.एल. पंद्रे, आर.के. पौनीकर, पी. जोशी प्रबंधक लेखा, राजेश नगपुरे फील्ड अधिकारी, आशीष मिश्रा शाखा प्रबंधक, सारंग बिसेन, राकेश उईके, सी.पी.सिंग, रमेश परस्ते, दिव्या ठाकुर, दिनेश सलामे आदि उपस्थित रहे।

# विधायक मधु भगत हॉट बाजार में लगायेंगे जनता दरबार



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले के परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के दूसरी बार निर्वाचित होने वाले विधायक मधु भाऊ भगत इन दिनों अपनी राजनीतिक सक्रियता को बढ़ाते हुए पार्टी संगठन को क्षेत्र में मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं के साथ अपने संवाद को नई दिशा देने के लिये निरंतर सक्रिय है। इसी तारतम्य में उन्होंने रजेगांव, किरनापुर में ब्लाक कांग्रेस कमेटी, मण्डल, सेक्टर व बूथ प्रभारी की एक बैठक आयोजित करके पार्टी संगठन पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ विचारों का आदानप्रदान किया। उन्होंने इस बात को माना कि उनकी जीत में जनता के साथ संगठन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के समर्पित भाव के साथ किये गये कार्य का महत्वपूर्ण योगदान है। जिसने भाजपा सरकार के मंत्री को 25000 से अधिक मतों से पराजित करने में योगदान दिया। विधायक भगत ने कहा कि कार्यकर्ताओं के योगदान का आभार व्यक्त करने के लिये शब्दों की कमी है। वहीं परसवाड़ा की जनता का ऋण वह कभी नहीं चुका पायेगें। आम जनता की समस्याओं का अध्ययन करने के लिये वह रजेगांव हट्टा सहित क्षेत्र के अन्य चार स्थानों पर कार्यालय की स्थापना करने पर विचार कर रहे है। ताकि जनता व क्षेत्र की जो समस्यायें है वह सही समय पर उन्हें प्राप्त होते रहे। इसी तरह से विधानसभा सत्र के पश्चात उनका प्रयास होगा कि परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में प्रमुख हॉट बाजार में जनता दरबार लगाकर वह जनता से रूबरू हो और उनकी समस्याओं को सुने और यथासमय उसका समाधान करें। क्षेत्र की जनता ने भारी बहुमत से उन्हें चुनाव जीताकर उन पर जो जिम्मेदारी सौंपी है उसको पूर्ण करने के लिये वह हमेशा कृतसंकल्प रहेगें उसमें कहीं कोई कमी न पायेगी इस बात का मैं पूर्ण विश्वास दिलाता हूँ। क्षेत्र में सरकार द्वारा कार्यो की क्या स्थितियां है इसी का अध्ययन करने के लिये गत दिवस विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर उनसे फीडबैंक लिया गया है। ताकि कार्यो को समझने व कार्य करने में आसानी जाये।

### भगत राईस मिल संचालिका ने लगाये लेखापाल हरिश कोरी एवं जिला विपणन अधिकारी हिरेन्द्र रघुवंशी पर अनैतिक एवं अश्लील कारणवश परेशान करने का आरोप, आज मुख्यमंत्री को सौंपेगे ज्ञापन

# धान के आरओ चाहिये तो 10000/- प्रति आरओ देना पड़ेगा









हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भगत राईस मिल संचालिका मनीषा डार्सल भगत ने जिला विपणन अधिकारी हिरेन्द्र रघुवंशी एवं लेखापाल हरिश कोरी पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त दोनों अधिकारी अनैतिक एवं अश्लील कारणवश परेशान कर रहें हैं। आज सीएम के आगमन पर ज्ञापन सौंपते हुए दोनो अधिकारियों को हटाने की मांग की जाएगी।

मैं स्वयं विधवा मनीषा डार्सल भगत इस फर्म के प्रतिनिधि मेरा मुनीम निरंजन चौहान है। लेखापाल हरीश कोरी एवं जिला विपणन अधिकारी हिरेन्द्र रघुवंशी द्वारा धान के आरओ प्रदाय करना 5 जून से बंद कर दिया गया है। जब मेरा प्रतिनिधि 5 जून को धान के आरओ हेतु जिला कार्यालय विपणन संघ में गया तो लेखापाल हरीश कोरी एवं जिला विपणन अधिकारी हिरेन्द्र रघुवंशी द्वारा यह कहा गया कि यदि आपको वेयर हाउस के धान के आरओ चाहिये तो 10000/- प्रति आरओ देना पड़ेगा। आपने पूर्व में अनुबंध कर 10/- प्रति क्विंटल भी जमा नहीं किया है और आपके द्वारा जो वर्ष 2022-23 में मिलिंग कार्य किया गया था उसकी 5 प्रतिशत राशि मुझे नही दी गई है। ऐसा जिला विपणन अधिकारी हिरेन्द्र रघुवंशी द्वारा मुझे कहा गया। आपके धान के आरओ बिना रूपये दिये नही काटूगा यह शब्द लेखापाल हरीश कोरी द्वारा मेरे मुनीम को कहा गया।

मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए कहा कि इन दोनों भ्रष्ट अधिकारी लेखापाल हरीश कोरी एवं जिला विपणन अधिकारी हिरेन्द्र रघुवंशी को जो अश्लील व अनैतिक मानसिकता से ग्रसित हैं। इनको तत्काल बालाघाट जैसे संवेदनशील जिले से तत्काल हटाने की मांग की हैं। मै महिला विधवा हूँ मैं अपने परिवार का पालन पोषण इज्जत व सम्मान से करना चाहती हूँ मेरा सम्मान व इज्जत बनी रहे, इस हेतु लेखापाल हरीश कोरी एवं जिला विपणन अधिकारी हिरेन्द्र रघुवंशी बालाघाट जिले से हटाकर स्वच्छ छवि के लेखापाल व जिला विपणन अधिकारी की नियुक्ति की जाये।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बालाघाट**
क्रमांक/2644/अति.कले./वि.पंजी/2023-24
बालाघाट, दिनांक : 20/06/2024

हिन्दु विवाह रजिस्ट्रेशन 1984 के नियम (1)4 के अंतर्गत प्रारूप एक में विवाह के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदकगण अधीर कुमार घोड़श्वर पिता श्री स्व. प्रेमदास घोड़श्वर आयु 50 वर्ष जाति महार निवासी वार्ड नं. 03 विवेक ज्योति रोड कंटगी तहसील कटंगी जिला- बालाघाट (म.प्र.) एवं आवेदिका संध्या पिता स्व. कमल प्रसाद कठाने उम्र 47 वर्ष जाति महार निवासी वार्ड नं. 19 शिवधाम मोहल्ला वारासिवनी तहसील वारासिवनी जिला - बालाघाट (म.प्र.) ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें उन्हें विवाह पंजीयन जारी किया जाना है। विवाह पंजीयन हेतु सुनवाई दिनांक 09/07/2024 को नियत की गई है

अतः उक्त विवाह पंजीयन के संबंध में मे जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सुनवाई दिनांक 09/07/2024 तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करे। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अपर कलेक्टर**
**एवं विवाह अधिकारी**
**जिला बालाघाट (म.प्र.)**

# आज बालाघाट आएंगे सीएम : श्री अन्न उत्सव और किसान सम्मान समारोह में शामिल होंगे

## योग दिवस पर प्रारम्भ हुए अभियान का पहला कार्यक्रम बालाघाट में

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मुख्यमन्त्री डॉ.मोहन यादव द्वारा विश्व योग दिवस पर प्रारम्भ किये गए श्रीअन्न संवर्धन अभियान का पहला आयोजन बालाघाट में होगा। इस आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव शामिल होंगे। गुरुवार को जारी किए गए कार्यक्रम में एक अन्य आयोजन जोड़ा गया है। हालांकि वे यहां पुलिस अधिकारियों को ऑउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने के लिए आ रहें है। लेकिन अब मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ही स्थानीय कृषि मंडी (इतवारी बाजार) में आयोजित होने वाले श्री अन्न उत्सव किसान सम्मान समारोह में भी शामिल होंगे। इस आयोजन की ताबड़तोड़ तैयारियां प्रारम्भ हो गई है। इस सम्बंध में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और एसपी श्री सौरभ ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का अवलोकन कर तैयारियों के सम्बंध में निर्देशित किया। इसके पश्चात कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ और जिला अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक कर कार्यक्रम के स्वरूप अनुसार दायित्व सौंपे तथा समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, जिपं सीईओ श्री डीएस रण्दा, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, नपा अध्यक्ष भारती सुरजीत ठाकुर, वार्ड के पार्षदगण व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### श्रीअन्न संवर्धन अभियान में कोदों कुटकी और रागी उत्पादक, किसानों को मिलेगा प्रोत्साहन

मप्र शासन ने मिलेट मिशन योजना से प्रेरित होकर श्रीअन्न संवर्धन अभियान विपणन को प्रोत्साहन देने के लिए महासंघ का गठन किया है। यह महासंघ इस वर्ष से ही एफपीओ के माध्यम से कोदों और कुटकी का क्रय करेगा। इसके लिए किसानों को इस वर्ष कोदों के लिए 20 रुपये प्रति किलो और कुटकी 30 रुपये प्रति किलो की दर से भुगतान सम्बंधित एफपीओ द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे किसानों को शासन द्वारा 10 रुपये प्रति किलो की दर से अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

### किसानों को कोदों-कुटकी, ज्वार और रागी के उन्नत प्रमाणित, बीज के लिए 80 प्रतिशत अनुदान

श्रीअन्न योजना में कोदों-कुटकी, ज्वार और रागी के उन्नत व प्रमाणित बीज शासकीय व सहकारी संस्थाओं के द्वारा प्रदाय किये जायेंगे। जिस पर 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। बीज वितरण अनुदान वस्तु के रूप में देय होगा। इसमें हर किसान को अधिकतम दो हेक्टेयर ही बीज प्रदान होगा। इस दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कार्यक्रम को लेकर मंडी में सफाई व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था और विभागीय स्टॉल को सुव्यवस्थित लगाने के लिये विभागीय अधिकारी को निर्देश दिये।

### मिलेट्स के प्रोत्साहन के लिए 9 स्टॉल लगाए जाएंगे

श्रीअन्न संवर्धन अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि मंडी में 9 स्टॉल लगाए जाएंगे। ये स्टॉल्स मिलेट्स को प्रोत्साहन के लिए होंगे। इसमें जिले व अन्य जिलों के किसानों के स्टॉल्स होंगे जो वर्षो से मिलेट्स की खेती कर रहें है। संभाग के ऐसे किसानों को स्टॉल्स अलॉट होंगे। साथ ही इस कार्यक्रम के दौरान किसानों को कृषि अभियांत्रिकी विभाग की योजनाओं और आजीविका मिशन के महिला समूहों को लाभान्वित भी किया जाएगा।

# विधार्थियों को पुस्तक कॉपी का वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

बालाघाट नगर की सामाजिक संस्था वैश्य महिला इकाई महासम्मेलन एवं इनरविल क्लब के द्वारा समाज के उत्थान एवं परिवर्तन के लिए समय समय पर मातृ शक्ति द्वारा अनेक कार्यक्रम किए जाते हैं ,इसी कार्यक्रम के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक शाला के ५० विधार्थियों को विधा अध्ययन के लिए पुस्तक कॉपी नॉट बुक पुस्तिका का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमति गुप्ता ,इनरविल क्लब की अध्यक्ष श्रीमति ममता चन्देल डॉ श्रीमति त्रिवेदी ,श्रीमति जमना पटेल ,श्रीमति गीतांजलि मिश्रा ,श्रीमति बबिता अग्रवाल ,श्रीमति प्रीति गुप्ता ,किरण रूसिया ,श्रीमती ममता पटेल ,श्रीमती ममता पटेल ,श्रीमती मीणा चावड़ा ,रोशनी सचदेवा ,सोनल गाँधी ,श्रीमतिश्रीमती रिया पसरीचा ,आदि की उपस्तिथि प्रमुख थी ,कार्यक्रम के प्रारम्भ में माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं वन्दन के साथ किया गया। इस शुभ अवसर श्रीमती चन्देल ,श्रीमती गुप्ता ,श्रीमती त्रिवेदी ने बच्चो को सम्बोधित करते हुए प्रेरणा दायक विचार व्यक्त क्र उनका मार्ग दर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विधालय के प्राचार्य राजेश राहंगडाले द्वारा सहयोग करने वाली संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2024-25
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG. |
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com